वरिष्ठ परामर्शदाता– स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मानव संसाधन

राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विधि चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे।

भूमिका और दायित्वः

- मानव संसाधन नियोजन एवं विकास के लिए आवश्यक नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने में राज्य और केंद्र की सहायता करना।
- व्यावसायिक और संबद्ध शैक्षिक नियोजनः सेवा पूर्व और सेवारत कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करना।
- मानव संसाधन प्रकोष्ठ (एचआर सेल) की स्थापना कर राज्यों की सहायता करना; भर्ती हेतु मानक सूचनाएं (टीओआर) तैयार करना, निष्पादन प्रबंधन प्रणाली, कौशल एवं क्षमता प्रबंधन के लिए प्रणाली स्थापित करने में सहायता करना और विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए कैरियर प्रगति की प्रणाली का निर्माण करना।
- मानव संसाधन प्रबंध सूचना प्रणाली तैयार करने के लिए आवश्यक प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की स्थापना में राज्यों की सहायता करना।
- स्वास्थ्य मानव संसाधन नियोजन एवं प्रबंधन के मुद्दों को समझने के लिए आवश्यक अध्ययन तैयार करना और उन्हें क्रियान्वित करने में सक्षम होना।
- स्वास्थ्य मानव संसाधन नियोजन और विशेष रूप से नर्सिंग और मध्य–स्तर के सेवा प्रदाताओं के लिए यथोचित मानव संसाधन तैयार करने हेतु क्षमता निर्माण में राज्यों की सहायता करना। रणनीतियों एवं संस्थागत ढांचे और इस तरह के विस्तार में सहायक वित्तपोषण रणनीतियों के विकास में केंद्र की सहायता करना।
- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन से संबंधित मूल्यांकन अध्ययनों और सर्वोत्तम प्रथाओं का समन्वय एवं डिजाइन करना।
- एचआरएच में कमियों की पहचान करने, भर्ती/चयन हेतु प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित करने आदि सहित राज्यों और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता इनपुट जुटाना। मानक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विकास एवं क्रियान्वयन में सहायता करना।

- समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यता और अनुभव

- अधिमानतः चिकित्सा विज्ञान में उपाधि सहित किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से जन स्वास्थ्य प्रबंध या सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि।
- राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अधिमानतः स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन विकास में 5 वर्षों का अनुभव।
- भूमिका एवं दायित्व में उल्लिखित कार्यों को संपन्न करने के लिए बेहतर अनुसंधान, विश्लेषणातमक, लेखन और संप्रेषण कौशल सहित स्वास्थ्य प्रणाली की पूर्ण समझ।
- स्वास्थ्य क्षेत्र प्रबंध और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन के क्षेत्र में शोध कार्य (प्रकाशित कार्य/रिपोर्ट या अध्ययन) अत्यंत वांछनीय है।
- उच्च गुणवत्ता वाले कार्य अनुभव या एनएचएसआरसी से संबंधित सुसंसगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 50 वर्ष। उपयुक्त अभ्यर्थी के लिए आयु सीमा में ढील दी जा सकती है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,30,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 12 जून, 2018 तक rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।